# टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन
# Tetanus Immune Globulin

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन क्या है?

टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन (TIg) टेटनस (लॉकजॉ) पैदा करने वाले बैक्टीरिया से तत्काल, अल्पकालिक सुरक्षा प्रदान करता है। TIg में दान किए गए मानव रक्त से बड़ी मात्रा में एंटीबॉडियां होती हैं। एंटीबॉडियां वो प्रोटीन होते हैं जो एक व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली बैक्टीरिया और वायरस जैसे कीटाणुओं से लड़ने के लिए बनाती है।

TIg को हेल्थ कनाडा द्वारा अनुमोदित किया गया है।

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन सुरक्षित है?

हाँ। TIg दान किए गए मानव रक्त से तैयार किया जाता है जिसे सुरक्षा के लिए परीक्षण किया जाता है। HIV और हेपेटाइटिस जैसे वायरस के संपर्क में आने के लिए सभी रक्तदाताओं की जांच की जाती है। TIg बनाने के लिए उपयोग किए जाने से पहले प्रत्येक रक्तदान की रक्त-जनित विषाणुओं की उपस्थिति के लिए भी परीक्षण किया जाता है। TIg तैयार करते समय कई रासायनिक और भौतिक चरणों को शामिल किया जाता है। इन कदमों में रोग पैदा करने वाले वायरस और बैक्टीरिया को निष्क्रिय करना और हटाना शामिल है। TIg की अंतिम तैयारी अधिक परीक्षण से गुजरती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई ज्ञात संक्रामक वायरस मौजूद नहीं है। हालांकि, TIg के उपयोग के माध्यम से कुछ रक्त-जनित संक्रमणों को पारित करने का एक बहुत ही कम जोखिम है। जब से रक्त की जांच और परीक्षण शुरू हुआ है, तब से TIg प्राप्त करने वाले लोगों में HIV, हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी जैसे रक्त जनित संक्रमणों की कोई रिपोर्टें नहीं मिली है।

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन किसको दिया जाना चाहिए?

आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको TIg दे सकता है यदि आपको घाव है और आपने टेटनस वैक्सीन की 3 से कम खुराक ली है या आपका टीकाकरण इतिहास अज्ञात है। निम्न प्रकार के घावों वाले लोगों के लिए TIg की सिफारिश की जाती है:

- एक गंदा घाव (उदाहरण के लिए गंदगी, मल, मिट्टी या लार से दूषित)
- एक खुला घाव
- एक आघात घाव (जलना, शीतदंश (frostbite) या कुचले जाना)

यदि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, तो आपको टेटनस के टीके की 3 या अधिक खुराक प्राप्त होने पर भी TIg दिया जा सकता है।

टेटनस के खिलाफ दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए TIg मिलने पर आपको टेटनस वैक्सीन भी दी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए, HealthLinkBC फाइल #18a टेटनस और डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीनदेखें।

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन के क्या लाभ हैं?

TIg संक्रमण के खिलाफ तत्काल, अल्पकालिक सुरक्षा प्रदान करता है। यह बीमारी को रोक सकता है या बीमारी को कम गंभीर बना सकता है।

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन के बाद संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

TIg के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में बुखार और टीकाकरण किए जाने वाली जगह पर दर्द शामिल हो सकता है।

कुछ इम्यून ग्लोब्युलिन प्राप्त करने के 24 घंटों के भीतर थ्रोमबाउसिस (रक्त के थक्के) के जोखिम से जुड़े हो सकते हैं, खासकर जब बड़ी मात्रा में दिए जाते हैं। उन लोगों में थ्रोमबाउसिस का खतरा बढ़ जाता है:

- जो 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं
- जिनका थ्रोमबाउसिस का इतिहास है
- जिनको थ्रोमबाउसिस के जोखिम कारक हैं

बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन* (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण ASA (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

*6 महीने से कम उम्र के बच्चों को पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात किए बिना इबुप्रोफेन नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोमदेखें।

किसी भी टीकाकरण को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में से 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ।

## टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन किसको नहीं दिया जाना चाहिए?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि:

- आपको किसी भी प्रतिरक्षा ग्लोब्युलिन या टेटनस इम्यून ग्लोब्युलिन के किसी भी हिस्से की पिछली खुराक के लिए जीवन को खतरे में डालने वाली प्रतिक्रिया हुई थी
- आपको आइसोलेटिड इम्युनोग्लोबुलिन ए डिफिशन्सी नामक स्थिति है
- आपका थ्रोमबाउसिस का इतिहास या थ्रोमबाउसिस के लिए जोखिम कारक हैं
- आपको पिछले 14 दिनों के भीतर खसरा, गलसुए, रूबेला या चिकनपॉक्स के खिलाफ प्रतिरक्षित किया गया है

जुकाम या अन्य हल्की बीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आपको चिंताएं है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

## टेटनस क्या है?

टेटनस, जिसे लॉकजॉ (lockjaw) भी कहा जाता है, ज्यादातर मिट्टी में पाए जाने वाले बैक्टीरिया के कारण होता है। जब बैक्टीरिया घाव, खरोंच या ज़ख्म के माध्यम से त्वचा में प्रवेश करते हैं, तो वे एक जहर पैदा करते हैं जो पूरे शरीर में मांसपेशियों की दर्दनाक जकड़न का कारण बन सकता है। यदि सांस लेने वाली मांसपेशियां प्रभावित हो जाएं तो यह बहुत गंभीर है। टेटनस के अन्य लक्षणों में सिरदर्द, निगलने में परेशानी, दौरे, बुखार और पसीना आना, उच्च रक्तचाप और तेज हृदय गति शामिल हो सकते हैं। टेटनस से पीड़ित 5 में से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

## परिपक्व नाबालिग सहमति

यह अनुशंसा की जाती है कि माता-पिता या अभिभावक और उनके बच्चे टीकाकरण के लिए सहमति पर चर्चा करें। 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो प्रत्येक वैक्सीन के लाभों और संभावित प्रतिक्रियाओं और टीकाकरण करवाने के जोखिम को समझने में सक्षम हैं, कानूनी रूप से टीकाकरण के लिए सहमति दे सकते हैं या मना कर सकते हैं। परिपक्व नाबालिग सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File#119 द इन्फेन्टस ऐक्ट, परिपक्व नाबालिग सहमति और टीकाकरणदेखें।

## अधिक जानकारी के लिए

टीकाकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए https://immunizebc.ca/ पर इम्यूनाइज़बीसी पर जाएं।